तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3

धर्मिक क्वीज के साथ तुलसी के पत्तो से माला की खुशबू फैली



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## आईटीआई में प्रवेश के लिए मारामारी, पॉलीटेक्निक में सीटें हैं खाली

### तकनीकी शिक्षण संस्थान में प्रवेश को लेकर सामने आई स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

तकनीकी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश को लेकर जो स्थिति सामने आयी है उससे आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए छात्रों की भीड़ नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रथम वर्ष में सीटें ही खाली है। बीते दो वर्ष से जिले के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया बंद है।

औद्योगिक जिले में जहां निजी और सार्वजनिक उपक्रम स्थापित है उनके लिए तकनीकी रुप से दक्ष कर्मचारियों की उपलब्धता के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज से लेकर पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत की गई। जिले में सबसे पहले रामपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत की गई। जिससे औद्योगिक उपक्रमों के लिए प्रशिक्षित और कामगार उपलब्ध हो हुए। किंतु अब स्थिति अब विपरीत हो गई हैं। जिले के विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा, पाली, करतला और कटघोरा में आईटीआई चल रही है जिसमें प्रवेश को लेकर छात्रों की भीड़ नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर पालीटेक्निक कॉलेज कोरबा में प्रथम वर्ष की सीट नहीं भर सकी है। पॉलीटेक्निक कॉलेज में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इंस्ट्रूमेंशन तथा इलेक्ट्रानिक एवं टेलीकॉम सहित कुल चार ट्रेड चल रहे हैं इनमें इलेक्ट्रिकल में 60, मैकेनिकल में 60 और इंस्ट्रूमेंशन में 30, इलेक्ट्रानिक और टेलीकॉम में 30 सहित कुल 180 सीटें हैं जिनमें प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट के बाद 115 छात्रों ने ही प्रवेश लिया है। 65 सीटें अभी भी खाली हैं। इसी तरह 12वीं तथा आईटीआई उत्तीर्ण करने वाले कुल 54 छात्रों ने द्वितीय वर्ष में प्रवेश लिया है। उसके बावजूद सीट खाली है।

**खास बातें**

- जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज में दो साल से है प्रवेश बंद
- रामपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत की गई

**आईटीआई में भी नई मशीनों का टोटा**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिस तरह से प्रवेश के लिए छात्रों की भीड़ है उस दृष्टि से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अपडेट नहीं किया जा रहा है। पुरानी मशीनों के भरोसे ही तकनीकी शिक्षा चल रही है। कहीं कहीं तो पुराने भवन का ही जीर्णोद्धार नहीं किया गया है। सबसे खराब स्थिति जिला मुख्यालय में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की है जहां पुराने भवन में ही प्रायोगिक कक्षाएं चल रही है। जिनकी छतों से बारिश का पानी रिसता है। इसी तरह पॉली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 15 वर्ष पूर्व एनटीपीसी ने नये भवन का निर्माण कराकर सौंपा था। उसके बाद से आज तक संस्थान को कोई नया भवन की सौगात नहीं मिल सकी। जबकि ग्रामीण अंचल का यह सबसे बड़ा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान है जहां हर ट्रेड में प्रवेश के लिए क्षमता से अधिक आवेदन पहुंचते हैं।

**सिविल ट्रेड नहीं हुआ शुरु**

प्रदेश में इस समय अधोसंरचना विकास के कार्य सरकार करा रही है वहीं दूसरी ओर प्रायवेट कंपनियां भी रियल स्टेट के क्षेत्र में उतर कर कार्य कर रही है जिसमें बड़ी संख्या में सिविल में डिप्लोमा और बी की डिग्री लेने वाले शिक्षित बेरोजगार नियोजित है। उसके बावजूद जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज में सिविल ट्रेड शुरु नहीं हो सके हैं। जबकि सिविल ट्रेड में छात्रों में रुझान भी है।

**खबर संक्षेप**

### पीजी कालेज में पुस्तक मेले का आयोजन

**कोरबा।** शासकीय ईवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत रजत जयंती पुस्तक मेला का आयोजन बड़े ही उत्साह, उल्लास और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। प्राचार्य मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, विशिष्ट अतिथि एवं सदस्य राकेश वर्मा तथा युवराज चंद्रा, प्राध्यापकगण एवं आयोजन समिति ने मिलकर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर दीप मंत्रोच्चारण के बीच वातावरण आध्यात्मिक और पवित्र हो उठा। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ राजगीत का गायन कियाए जिससे कार्यक्रम में गरिमा और स्वाभिमान का वातावरण निर्मित हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिखा शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवम्बर 2000 को हुआ था। समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोककला, प्राकृतिक संसाधनों और जनजातीय परंपराओं के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में विशिष्ट स्थान है।

### पोषण सप्ताह संतुलित आहार से स्वस्थ जीवन की ओर कदम

**कोरबा।** शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय के होम साइंस डिपार्टमेंट और राष्ट्रीय सेवा योजन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत बेहतर जीवन के लिए पौष्टिक भोजन विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत कुकिंग फेस्ट से हुई। जिसमें छात्राओं ने स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों से पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। इन व्यंजनों ने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्यवर्धक भोजन केवल शरीर को ऊर्जा देने वाला साधन ही नहीं बल्कि स्वाद और परंपरा का अद्भुत संगम भी है। निर्णायकों ने व्यंजनों के पोषण मूल्य की सराहना करते हुए छात्राओं को संतुलित आहार अपनाने की प्रेरणा दी। सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रो मोनिका मिंज, विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय ने कहा कि संतुलित आहार प्रतिरक्षा क्षमता को मजबूत करता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाता है।

### बीएनजी स्कूल में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**हरदीबाजार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायाधीश अध्यक्ष एवं सचिव के मार्गदर्शन में सोमवार को विश्व साक्षरता दिवस पर बीएनजी पब्लिक स्कूल हरदीबाजार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा सन 1966 से 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था, छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा के अधिकार कानून, बच्चों के ऊपर होने वाले अपराध, गुड टच बेड टच, साइबर क्राइम तथा निशुल्क नंबर 15100 के बारे में विस्तार से बताया गया है, साथ ही राष्ट्र के मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान एवं नालसा द्वारा चलाएं जा रहे स्कीम आशा योजना जागृति योजना, निःशुल्क कानूनी सहायता लोक अदालत पाक्सो एक्ट पीड़ित क्षतिपूर्ति बाल विवाह के बारे में बताया गया।

### लैंड सिडिंग नहीं कराए जाने के कारण किया गया अपात्र

## जिले में 55 हजार से अधिक किसान सम्मान निधि से हो गए हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केंद्र सरकार के द्वारा किसानों को दी जाने वाली किसान सम्मान निधि से जिले के 55 हजार से अधिक किसान वंचित हो गए हैं। जिन्हें अपने जमीन का लैंड सिडिंग नहीं कराये जाने के कारण अपात्र किया गया है वहीं कुछ किसान सरकारी नौकरी और आयकरदाता निकले। ऐसे किसानों की अब छठनी की जा रही है।

किसान सम्मान निधि में अपात्रों को अब बाहर करने का सरकार के द्वारा कदम उठाया जा रहा है। कई ऐसे अपात्र किसान थे जिनके द्वारा किसान सम्मान निधि की 2 हजार रुपए की राशि ली जा रही थी। जिले में कुल 1 लाख 5 हजार 87 पीएम किसान पोटर्ल में दर्ज है। कृषि विभाग के रिकार्ड के अनुसार इतने अधिक किसान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धान की फसल के अलावा सब्जी की खेती करते हैं। इन किसानों में 88 हजार 972 किसान ऐसे हैं जिनके द्वारा खेतीबाड़ी की जाती जो किसान सम्मान निधि के दायरे में आते हैं। वहीं दूसरी ओर 58 हजार 5 सौ किसान ऐसे हैं जो भूमिहीन हैं और सहकारी कर्मचारी, आयकरदाता, संयुक्त परिवार में आते हैं जिनके द्वारा अब तक किसान सम्मान निधि की राशि ली जाती रही है किंतु अब नये नियमों के तहत आधार सिडिंग कराना अनिवार्य है। ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है किंतु अधिकांश किसानों के परिवार के सभी सदस्यों को किसान सम्मान निधि की राशि मिल रही थी ऐसे किसान परिवारों में केवल मुखिया को ही किसान सम्मान निधि की राशि दी जाएगी। संयुक्त परिवार होने के कारण किसान आधार सिडिंग के साथ लैंड सिडिंग कराने में रुचि नहीं ले रहे थे जिसकी वजह से ऐसे किसानों को इस सम्मान किसान निधि योजना से अलग किया गया है।

**खास बात**

- आयकरदाता व शासकीय नौकरी वाले भी निकले किसान

**विभाग के द्वारा किसानों को किया जा रहा था आगाह**

कृषि विभाग के द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि के दायरे में आने वाले किसानों को लगातार बीते एक वर्ष से लैंड सिडिंग कराने आधार सिडिंग कराने तथा ईकेवाईसी कराने के लिए लगातार आगाह किया जा रहा था किंतु उसके बावजूद किसानों ने रुचि नहीं दिखाई और हाल ही में जारी हुई पीएम किसान की सूची से इनके नाम हट गये। अब ऐसे किसानों को किसान सम्मान निधि के दायरे में आने के लिए उन्हें लैंड सिडिंग कराना अनिवार्य होगा और संयुक्त परिवार के सभी सदस्यों को किसान सम्मान निधि की राशि लेने के लिए खाता अलग कराना होगा तब वे इस दायरे में आएंगे।

## बिजली कर्मियों को आबंटित दोनों मकानों में नहीं मिलेगी छूट, हो रहा है सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विद्युत विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों को विभाग अपने सरकारी मकानों को एक कर्मचारी को दो मकान आबंटित कर देती है लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि कई कर्मचारी अपने आबंटित मकान को या तो किराए में दे देते हैं या फिर और दूसरे तरह से इस्तेमाल करते हैं। कर्मचारियों को एक मकान में ही बिजली बिल में छूट मिल सके या कोई कर्मचारी एक से अधिक मकान में छूट तो नहीं ले रहा है इसे लेकर विद्युत वितरण विभाग द्वारा सर्वे का काम शुरू किया गया है ताकि कोई एक मकान से अधिक मकान में विद्युत का लाभ ना ले सके।

उल्लेखनीय है कि विद्युत विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों को विद्युत वितरण विभाग बिजली बिल में अपने नियमित कर्मचारियों को 50 प्रतिशत की छूट देता है तो वहीं दूसरी ओर विभाग में काम करने वाले नियमित कई कर्मचारियों को विभाग अपने विभागीय मकान को दो आबंटित करता है। विद्युत वितरण विभाग इन दिनों अपने कर्मचारियों के मकान का सर्वे का काम शुरू किया है और उसमें यह जांच पड़ताल की जा रही है कि विद्युत विभाग में काम करने वाले कर्मचारी जो अपने विभाग की मकान में निवास करता है वह एक मकान में ही विभाग से बिजली बिल में छूट ले रहा है कि नहीं। कहीं एक मकान से अधिक मकान में बिजली बिल का लाभ तो नहीं ले रहा है। यह सारी जानकारियां विभाग देख रहा है और सर्वे कर रहा है। यदि इस सर्वे में कोई एक से अधिक मकान में बिजली बिल में छूट लेते पाया गया तो उसके खिलाफ विभाग कार्यवाही करेगी और या फिर छूट में एक ही मकान को शामिल किया जा सकता है।

**खास बात**

- बिजली विभाग के कर्मचारियों को बिजली बिल में मिलती है 50 प्रतिशत छूट

**कितना मिलता है छूट**

विद्युत वितरण विभाग रोशन लाल वर्मा ने बताया कि विद्युत विभाग के नियमित कर्मचारियों को बिजली बिल में एनर्जी चार्ज में और फिक्स चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है जबकि सेवानिवृत कर्मचारियों को इसी तरह 25 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

**कराया जा रहा है सर्वे**

विद्युत विभाग के कर्मचारियों को बिजली बिल के एनर्जी चार्ज और फिक्स चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है। कई कर्मचारियों को दो-दो मकान आबंटित किए गए हैं। कहीं कोई कर्मचारी दोनों मकान में बिजली बिल में छूट तो नहीं ले रहा है। इसे लेकर पूरे सीएसईबी कॉलोनी में सर्वे कराया जा रहा है। यदि कोई दो मकान में लाभ ले रहा हो तो उसका नाम एक मकान से काटा जाएगा और एक ही मकान में छूट दिया जाएगा।

**-रोशन लाल वर्मा**
डीई, विद्युत वितरण विभाग

## आदेशों की धज्जियां उड़ाने वाले दो डीजे किए गए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जप्त डीजे।

सड़क में तेज ध्वनि के माध्यम से डीजे लगाकर मोबाइल डीजे बजा रहे दो डीजे संचालकों का डीजे जप्त किया गया है और मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश विसर्जन के दौरान दो मोबाइल डीजे के संचालकों द्वारा चार पहिया वाहन में बड़े पैमाने पर डीजे लगाकर तेज ध्वनि बजाई जा रही थी और शासन के आदेशों को दरकिनार कर इतनी तेज ध्वनि से डीजे बजाया जा रहा था कि आम लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की शिकायत सामने आने पर कोतवाली पुलिस ने दो डीजे को जप्त कर लिया है और मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री कल मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 सितंबर को जिले प्रवास पर रहेगें। मुख्यमंत्री श्री साय 10 सितंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण एवं प्राधिकरण के सदस्य शामिल होंगे। जिला प्रशासन कोरबा द्वारा बैठक की गरिमामय आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कोरबा, गोरेला- पेंड्रा-मरवाही, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम (कवर्धा), बिलासपुर, रायगढ़ एवं सक्ती जिला शामिल हैं। प्राधिकरण में 51 सदस्य एवं 24 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। जो प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में शामिल होकर स्वीकृत कार्यो के संदर्भ अपने विचार,सुझाव एवं शिकायत रखते हैं। कलेक्टर ने बैठक में शामिल होने वाले व्हीव्हीआईपी, व्हीआईपी एवं अधिकारियों के ठहरने हेतु निर्धारित विश्राम गृहों का लाइजनिंग अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए जाने वाले विभागीय स्टॉलों के माध्यम से मुख्यमंत्री से भेंट होने वाले हितग्राहियों की भी जानकारी तैयार रखने के लिए कहा। उन्होंने आवश्यक स्थानों पर बेरिकेडिंग लगाने एवं बैठक व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, पार्किंग सहित आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने एवं सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने प्रशासनिक-पुलिस अधिकारियों के साथ प्राधिकरण बैठक की तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट में प्रवेश, बैठक कक्ष, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का अवलोकन किया। उन्होंने पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, रोड क्लीयरेंस, एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**खास बात**

- कलेक्टर ने बैठक की तैयारी की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

### राजनीति विज्ञान नहीं रहा सिर्फ विषय, बना समाज की समझ का जरिया

## युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण अंचल के स्कूलों को मिले विषय शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छात्रों को पढ़ाते शिक्षक।

पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम लालपुर, पाथा, कछार, बुल्लर साइड जैसे आसपास के गांवों से बच्चे पढ़ाई के लिए इसी स्कूल में आते हैं। परंतु दसवीं के बाद, जब संकाय चयन की बारी आती, तो अधिकांश विद्यार्थी सही मार्गदर्शन और विषय विशेषज्ञ न होने की वजह से अपनी रुचि के विपरीत विषय चुनने को मजबूर होते। कला संकाय में शिक्षक के अभाव में कई बच्चों को मनचाहा विषय त्याग कर अन्य संकाय चुनना पड़ता था जिससे छात्रों के लिए पढ़ाई बोझ बन जाती थी, और उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता था।

मांचाडोली के हायर सेकेंडरी स्कूल में कला, गणित, विज्ञान व अन्य विषयों के योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की पदस्थापना हुई हैं। प्रक्रिया के तहत मांचाडोली में राजनीति विज्ञान विषय के लिए श्री आर. के. चन्द्रा जैसे विशेषज्ञ शिक्षक की नियुक्ति ने विद्यालय के शैक्षिक परिवेश को नई दिशा दी है। शिक्षक चन्द्रा ने विषय को सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जीवन और समाज से जोड़ते हुए पढ़ाना शुरू किया। पूर्व में विद्यालय में राजनीति विज्ञान जैसे जटिल विषय में बच्चों की समझ कमजोर थी, रुचि कम होने से छात्र विषय को समझने के बजाय रटा मारकर याद करने की कोशिश करते थे जिससे कक्षा का परिणाम भी औसत ही रहते थे। प्रदेश सरकार की युक्तियुक्त करण नीति से योग्य शिक्षक सुदूर अंचलों तक पहुंच रहे है एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का पथ प्रदर्शित कर रहे है। मांचाडोली विद्यालय में अब कला, विज्ञान , गणित जैसी संकायों की पढ़ाई सुचारू रूप से हो रही है। बच्चों को अब भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी मिल रहा है। विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों और छात्रों ने युक्तियुक्त करण योजना की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम माना है। अब स्कूल का शैक्षणिक माहौल अधिक सक्रिय और गुणवत्तायुक्त हो गया है।

## पूर्व चौकी प्रभारी के घर फिर चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी के पूर्व प्रभारी के घर फिर से चोरों ने धावा बोलकर हजारों का माल पार कर दिया है मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि पूर्व सीएसईबी चौकी के प्रभारी नवल साव का आवास पंपहाउस में स्थित है। जिनका स्थानांतरण मोहला मानपुर हो गया है और वे वहां अपनी आमद दे चुके हैं लेकिन उनका कुछ सामान पंपहाउस स्थित आवास में रखा हुआ है। बीती रात को अज्ञात चोरों ने पंपहाउस स्थित उनके आवास में धावा बोलकर 12 हजार रुपए नगद सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मामला सामने आने के बाद सीएसईबी चौकी पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पूर्व चौकी प्रभारी नवल साव के घर से बाहर जाने का फायदा उठाते हुए चोरों ने धावा बोल दिया है और लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंप हाउस कालोनी का मामला

## खबर संक्षेप

### 2 लाख 31 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** एक व्यक्ति की एफडी में गड़बड़ी कर 2 लाख 31 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम लिटिया निवासी रिटायर्ड कर्मचारी शोभनाथ कौशिक 65 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने एचडीएफसी बैंक में 1 लाख 9 हजार 912 रुपए की दो कुल 2 लाख 31 हजार 185 रुपए का एफडी कराया था,22 से 28 जुलाई 2025 के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी एफडी में गड़बड़ी कर खाते से 2 लाख 31 हजार 185 रुपए निकाल लिया है। मोबाइल में मैसेज आने पर उन्होंने बैंक जाकर अपना बैंक खाता बंद कराया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला से छेड़खानी, रेलवे का इंजीनियर गया जेल

**बिलासपुर।** महिला से अश्लील छेड़खानी करने वाले रेलवे के इंजीनियर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को रेलवे में पदस्थ मैकेनिकल इंजीनियर अशोक टाण्डे अश्लील इशारा कर गाली गलौज करता रहता था। रविवार की शाम 6 बजे महिला के घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान अशोक टाण्डे अश्लील छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज की। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351, 74 के तहत इंजीनियर अशोक टाण्डे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### 130 लीटर महुआ शराब के साथ बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोटा पुलिस ने गुण्डा बदमाश को पकड़कर उसके पास से चाकू बरामद किया है। इसी तरह तीन लोगों को पकड़कर 130 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। 7 सितंबर की रात कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग स्टाफ के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं संदिग्धों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान गुण्डा बदमाश गनियारी निवासी कुनानू उर्फ नानू वर्मा पिता लेखराम वर्मा 27 साल को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास चाकू मिला। पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन करते हुए राहुल लोनिया पिता पुनीत राम लोनिया 23 साल घुटकू, दीपक लोनिया पिता परमेश्वर लोनिया 20 साल नवरंगपुर, नरोत्तम साहू पिता जनकराम साहू 47 साल खरगहनी निवासी को पकड़कर 130 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चिन्नागंजम में रूकेगी बिलासपुर-तिरुपति

**बिलासपुर।** दपूमरे के विजयवाड़ा रेल मंडल के चिन्ना गंजम स्टेशन पर बिलासपुर से तिरुपति के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का स्टापेज दिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा और उनकी काफी समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दपूमरेके विजयवाड़ा रेल मंडल अंतर्गत चिन्ना मंडल सीजेएम स्टेशन में ट्रेन संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव जारी रखने का नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

### जनरल कोच में सफर करना यात्रियों की मजबूरी | प्रयागराज की ओर जाने वाली सारनाथ और नौतनवा की वेटिंग 200 के पार

# छपरा और गया जाने वाली ट्रेनों में भीड़, पिंडदान के लिए यात्रियों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पितृ पक्ष शुरू होने के साथ ही प्रयागराज, बनारस और गया में पिंडदान करने बडी संख्या में लोग जाने लगे हैं। इसके साथ ही संबंधित रूट पर जाने वाली ट्रेन सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस में भीड़ बढ़ने से वेटिंग का आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया है। इन वेटिंग यात्रियों को रेल प्रशासन के स्लीपर में नो एंट्री के कारण मजबूरीवश जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है।



पितर पक्ष में लोग जहां अपने पूर्वजों को घर में तर्पण करते हैं। वहीं बड़ी संख्या में कई लोग पिंडदान करने के लिए प्रयागराज, बनारस और गया भी जाते हैं। पिंडदान के लिए गया की ओर जाने वाली ट्रेनों में मुख्य रूप से गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-कानपुर नौतनवा एक्सप्रेस की सुविधा जोन के दुर्ग, रायपुर और उसलापुर रेलवे स्टेशन में दी जा रही है। इन ट्रेनों में पितृ पक्ष की शुरुआत होने के पहले ही यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। लोग तिथि के अनुसार श्राद्ध करने के लिए तीनों स्थानों पर पहुंचते हैं। प्रतिवर्ष तीनों ट्रेनों में यात्री वेटिंग के बाद भी स्लीपर कोच के फर्श पर बैठकर सफर करने को मजबूर रहते हैं। इस वर्ष लोगों को भारी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। रेल प्रशासन ने ट्रेनों के एसी कोच की तरह स्लीपर कोच में भी वेटिंग टिकिट वाले यात्रियों को सफर के लिए अनुमति नहीं देने का आर्डर जारी कर दिया है। इस आर्डर के अनुसार अब वेटिंग यात्रियों की टिकिट चेकिंग कर टीटीई उन्हें बीच रास्ते में उतारने के साथ जनरल कोच में भेजने का काम कर रहे हैं। मजबूरी के कारण यात्रियों को भी जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है। इसी तरह का हाल दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और नौतनवा एक्सप्रेस का भी हो गया है। पिंडदान के लिए गया, बनारस और इलाहाबाद तक जाने के लिए दोनों ट्रेनों के स्लीपर कोच की वेटिंग ने 200 और एसी थ्री में 50, एसी टू में 28 से अधिक का आंकड़ा पार कर दिया है। हजारों रुपए की टिकिट बुकिंग करने के बावजूद क्लीयर नहीं होने के कारण लोग अपनी टिकिट केंसिल कर रहे हैं, या फिर मजबूरी में जनरल कोच का सहारा ले रहे हैं।

#### बंद हो गए पिंडदान स्पेशल कोच

प्रयागराज, बनारस और गया में पिंडदान करने वाले लोगों के लिए आईआरसीटीसी बिलासपुर ने प्रदेश स्तर पर पिंडदान स्पेशल कोच की सुविधा शुरु की थी। इसमें 5 से 6 हजार रुपए की कीमत में यात्री को पिंडदान के लिए स्टेशन तक पहुंचने के साथ उनके लिए रहने, खाने व अन्य सुविधा दी जा रही थी। इसके लिए लोग एक माह पहले से बुकिंग कर लेते थे। एक साल चलने के बाद इस सुविधा को बंद कर दिया गया। आईआरसीटीसी के अफसरों का कहना है कि वर्तमान में सभी ट्रेनों में 22 से 23 कोच लगे हुए हैं, जिसमें अतिरिक्त कोच लगाने की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पिंडदान स्पेशल कोच के लिए कई बार प्रयास किया गया है, लेकिन तकनीकी कारणों से यह शुरु नहीं हो पा रहा है।

#### निजी वाहन में लगती है अधिक राशि

पिंडदान करने के लिए लोग पहले प्रयागराज, बनारस होते हुए आखिरी में गया पहुंचते हैं। इन तीनों स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन ने जो ट्रेन की सुविधा दी है, उसमें दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर तक है। रायगढ़, कोरबा, चांपा और दूसरे जिले के लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए पहले उसलापुर तक आना पड़ता है। लोगों के अनुसार ट्रेन में वेटिंग अधिक होने के कारण क्लीयर का इंतजार करते रहते हैं। टिकिट क्लीयर नहीं होने के कारण उन्हें जनरल कोच से सफर करना मजबूरी हो जाती है। इसका कारण है कि निजी वाहन के मालिक तीनों स्टेशनों तक जाने के लिए 10 से 15 हजार रुपए की मांग करते हैं। इससे कम कीमत पर ट्रेन का सफर हो जाता है।

### सीवरेज नाली के भीतर पाइप लाइन फूटी, महीनों बाद भी नहीं हुई मरम्मत

# दूषित पानी पीने को मजबूर कुदूदण्ड सुधा विहारवासी



कुदूदण्ड में नाली के अंदर से गुजरी पाइप लाइन, जिसे ढका गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुदूदण्ड सुधा विहार के निवासियों को मजबूरीवश दूषित पानी पीना पड़ रहा है जो कभी भी उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। असल में सीवरेज नाली के भीतर से पाइप लाइन गई है वह फूट गई है। पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण नाली का गंदा पानी पाइप लाइन से होकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

कुदूदण्ड सुधा विहार में कभी भी दूषित पानी की वजह से किसी तरह की संक्रामक रोग फैलने का खतरा है। करीब तीन महीने से यहां की पेयजल का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है, जिससे लगातार दूषित पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। सुधा विहार में जिस पाइप लाइन के जरिए पेयजल सप्लाई होता है वह सीवरेज नाली के भीतर से गुजरा है और पाइप लाइन में लिकेज को ठीक नहीं किया गया है। यहां के लोगों द्वारा वार्ड के पार्षद से लेकर नगर निगम तक कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन पाइप लाइन की लिकेज पर रबर के ट्यूब आदि बांधकर काम चलाया जा रहा है और स्थाई मरम्मत नहीं की गई है, जिससे लीकेज थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते लोगों को मजबूरीवश दूषित पानी पीना पड़ रहा है। यहां के लोगों के अनुसार मोहल्ले में लगभग सभी घरों में पेयजल एवं निस्तार के लिए इसी पाइप लाइन के जरिए पानी पहुंचता है। यह पाइप लाइन सीवरेज के नाली गदंगी के बीच से होकर गुजरा है।

#### ठीक कराया जाएगा लीकेज

कुदूदण्ड सुधा विहार में दूषित पेयजल सप्लाई की जानकारी नहीं है। पानी सप्लाई का पाइप लाइन कहीं से फूटा है तो उसका पता करवाते हैं और पाइप लाइन लीकेज ठीक कराया जाएगा।

**-अनुपम तिवारी** प्रभारी, जल विभाग नगर निगम

#### सड़क की हालत भी खराब

कुदूदण्ड के यूडीएम हॉस्पिटल से बाजे वाली सुधा विहार को जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है। खराब सड़क से लोगों को आना-जाना पड़ रहा है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वर्ष 2022-23 में तत्कालीन पार्षद ने पार्षद निधि से 20 लाख रुपए इस सड़क के लिए अनुमोदित किया था जो कि निगम के माध्यम से निर्माण होना है। लेकिन निगम के अधिकारियों से लेकर पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद किसी को पता नहीं कि सड़क निर्माण कार्य कब प्रारंभ होगा और अभी तक क्यों शुरू नहीं हुआ।

#### एक साल पहले हुआ था भूमिपूजन

सड़क निर्माण के लिए करीब एक साल पहले नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में नगर विधायक अमर अग्रवाल द्वारा विधिवत भूमिपूजन हुआ था। इस तरह से तिलकनगर वार्ड नंबर 18 में मूलभूत सुविधाएं राम भरोसे चल रही हैं और इन सारी समस्याओं की लिखित शिकायत नगर निगम आयुक्त एवं कलेक्टर को भुवन वर्मा, किशोर दुबे, रामहरि वस्त्रकार, आरके शर्मा, परमेश्वर राजपूत सहित सुधाविहारवासियों व वार्डवासियों ने की है।

## जिला अस्पताल: बाथरूम का गंदा पानी इलेक्ट्रिसिटी रूम में घुसा



अस्पताल की सफाई करती महिला कर्मचारी।

■ मातृ एवं शिशु अस्पताल का हाल

जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है, सोमवार को अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल की बिल्डिंग में एक बेहद खराब स्थिति का सामना मरीज और स्टाफ को करना पड़ा। दरअसल प्रथम तल का पाइप लाइन कई दिनों से डेमेज था, लेकिन सोमवार को पानी अचानक छत से गिरने लगा और इलेक्ट्रिसिटी पैनल रूम में जा घुसा। इस दौरान अस्पताल की सीढ़ी और फर्श में पानी भर गया, जिससे हर आने व जाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ी।

सोमवार को अस्पताल में अच्छी खासी भीड़ थी। मातृ एवं शिशु अस्पताल का एक ही लिफ्ट चालू हालत में है, दूसरा लिफ्ट महीनों से बंद है। ऐसे में लिफ्ट में देरी को देखते हुए गर्भवती महिलाएं और स्टाफ सीढ़ियों के रास्ते प्रथम तल जाने लगे, लेकिन सीढ़ियों के ठीक पहले बाथरूम का गंदा पानी भरा रहा। खास बात यह है कि यहां अस्पताल का इलेक्ट्रिसिटी पैनल रूम है, जहां से पूरे अस्पताल में बिजली सप्लाई होती है, बाथरूम का गंदा पानी रूम के अंदर भी भर गया। सुबह से हुई इस दिक्कत के बावजूद प्रबंधन आंख बंद कर बैठा रहा और दोपहर 2 बजे के बाद ही साफ-सफाई कराई गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खाद दुकानों का औचक निरीक्षण, दो पर कार्रवाई

■ संचालक के निर्देश पर जांच के लिए राज्य से पहुंचे अधिकारी

**बिलासपुर।** खाद की कालाबाजारी की लगातार शिकायत को ध्यान में रखते हुए संचालक कृषि के निर्देश पर राज्य से अधिकारियों की टीम छापामार कार्रवाई के लिए सोमवार को शहर पहुंची। यहां जिले के अधिकारियों की टीम बनाकर जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित खाद दुकानों की जांच की गई। इस दौरान तखतपुर व खमतराई में संचालित दो दुकानों में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करते पाए जाने के बाद जब्ती की कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया है।

खाद की कालाबाजारी रोकने सघन छापामार अभियान चलाने के उद्देश्य से संचालक कृषि राहुल देव द्वारा राज्य स्तर पर अधिकारियों को छापामार कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। इसके अंतर्गत संचालनालय में पदस्थ उपसंचालक कृषि चिरंजीव सरकार द्वारा उपसंचालक कृषि पीडी हथेश्वर सहित जिले के अधिकारियों के साथ सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत तखतपुर के मेसर्स संकट मोचन खाद भंडार व मेसर्स गोपाल खाद भंडार खमतराई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स संकट मोचन खाद भंडार तखतपुर में बिना फार्म ओ इन्द्राज कराये बायो उर्वरक का भंडारण पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल उपलब्ध बायो उर्वरक बायो आर्गेनिक-65 कि.ग्रा., हुमिक एसिट-170 कि.ग्रा. को विक्रय प्रतिबंध करते हुए जब्ती की कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। इसी तरह मेसर्स गोपाल खाद भंडार खमतराई में स्कंध प्रदर्शित नही करने, नियमित प्रतिवेदन नहीं भेजने, स्कंध पंजी एवं बिल का संधारण नही करने एवं बिना पॉस मशीन के उर्वरकों का विक्रय करने के कारण उपलब्ध उर्वरक डी.ए.पी.-618 बोरी, सिंगल सुपर फास्फेट-373 बोरी, पोटाश 25 बोरी, अमोनियम सल्फेट-10 बोरी, सल्फर 6 बोरी, बायो जाईम-570 कि.ग्रा पर 21 दिनों के लिए बिक्री पर प्रतिबंध की कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। उक्त संस्थानों से 7 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## गोमतीनगर से 6 फेरे लगाएगी स्पेशल ट्रेन



**बिलासपुर।** रेलवे ने फेस्टिवल के अवसर पर गोमतीनगर से महबूबनगर के बीच 6 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन 05314/05313 स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन गोमतीनगर से 05314 नंबर के साथ प्रति रविवार को 28 सितम्बर से 2 नवंबर तक और महबूबनगर से 05313 नंबर के साथ प्रति सोमवार को 29 सितम्बर से 3 नवंबर तक चलाई जाएगी। ट्रेन में एक एसएलआर, चार सामान्य कोच, सात स्लीपर, एक एसी टू, आठ एसी थ्री एकोनोमिक्स, एक पावर कार सहित 22 कोच होंगे।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बीती रात अलग अलग घटनाओं पर तीन लोगों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी एमआर शुभम सिंह ठाकुर पिता परमेश्वर सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। 2 सितंबर की रात 8 बजे उनके परिचित सिद्धार्थ जांगड़े ने उनके घर के पास आकर गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी दी थी। उसके नशे में होने के कारण उन्होंने उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया। 7 सितंबर की शाम 7 बजे वे दीनदयाल कालोनी केबीटी काम्प्लेक्स से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान सिद्धार्थ जांगड़े आया और चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके गले व हाथ में गंभीर चोट आई है। दूसरी घटना में मंगला आजाद चौक निवासी श्याम रजक पिता भागीरथी रजक 7 सितंबर की रात 1.30 बजे मोहल्ले के गणेश पंडाल के पास थे। इसी दौरान सुमित, शानू एवं उसके साथी मोहल्ले में लड़ाई झगड़ा की बात कर रहे थे। इसी दौरान अचानक युवकों ने श्याम रजक के साथ हाथ मुक्का लाठी से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी नूतन चौक निवासी प्रशांत महंत 19 साल को गिरफ्तार



कर चाकू बरामद कर लिया है। तीसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के चिंगराजपारा विश्वकर्मा चौक निवासी अजय मिरी पिता स्व. नारायण मिरी 7 सितंबर को गणेश विसर्जन करने जा रहे थे। मोहल्ले के रोशन सतनामी ने उनसे पैसा मांगा तो उन्होंने मना कर दिया। गणेश विसर्जन के बाद वह घर आकर खाना खाकर सो गए। रात 9 बजे रोशन उनके घर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते अजय मिरी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके पेट में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

#### बोतल से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पैसा नहीं देने पर शराब की बोतल से युवक पर हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 3 सितंबर को मंगला आजाद चौक निवासी कुंदन पटेल मंगला शराब दुकान गया था। इसी दौरान आजाद चौक निवासी अमित यादव उर्फ फोनी पिता स्व. सेवक राम यादव 27 साल उससे शराब खरीदने के लिए पैसा मांगने लगा। उसने पैसा देने से मना किया तो अमित यादव ने शराब की बोतल से हमला कर दिया। सोमवार को एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने मंगला में दबिश देकर आरोपी अमित यादव उर्फ फोनी को पकड़ लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 119, 1, 296, 115, 2, 351, 2 के तहत उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## लेनदेन के विवाद में प्रापर्टी डीलर दो भाइयों को पीटा, अपराध दर्ज

■ एक भाई अस्पताल में भर्ती

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में प्रापर्टी डीलर दो भाईयों की कार सवार युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल एक भाई को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर सांई नगर निवासी राणा प्रताप सिंह पिता दुर्गा सिंह ठाकुर प्रापर्टी डीलर हैं। 7 सितंबर की रात 10 बजे वे घर के पास अपने भाई सुरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कुदूदण्ड निवासी बबलू यादव अपनी साथियों के साथ कार से आए और पुराने लेनदेन की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। उनके भाई सुरेन्द्र प्रताप ने उन्हें गाली देने से मना किया तो युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। राणा प्रताप सिंह ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। सिर में चोट लगने से सुरेन्द्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने राणा प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर बबलू यादव एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर बुजुर्ग को दी धमकी, आरोपी गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दरवाजे में नाम लिखवाने पर एक व्यक्ति ने घर में घुसकर बुजुर्ग का हाथ मरोड़कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया, प्रियदर्शनी नगर डी - 6 निवासी हरिबाबू अहिरवार 67 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपने स्वयं मकान में 25 साल से रह रहे हैं। अपने मकान के गेटे के बाजू में नेम प्लेट लगाए थे। उसे किसी व्यक्ति ने निकालकर फेंक दिया। उसके बाद



उन्होंने गेट में अपना नाम लिखवा लिया था। 2 सितंबर को शाम 7 बजे मकसूद हसन आया और उन्हें कहा कि जो नेम प्लेट हटाओ, नहीं तो ठीक नहीं होगा। इस बात पर विवाद करते हुए बलपूर्वक घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बुजुर्ग श्री अहिरवार का हाथ मरोड़ दिया था। वहीं उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने श्री अहिरवार की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 115, 2, 333 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। सोमवार को एसआई श्री बघेल ने हमलावर भारतीयनगर निवासी मकसूद हसन पिता मंजूर हसन 39 साल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

#### अशांति फैलाने वाले 3 युवक गिरफ्तार

पुलिस ने अशांति फैलाने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अशांति फैलाने वाले रोहन पटेल पिता दिनेश पटेल मगरपारा, रामकुमार दुबे पिता स्व. कामता प्रसाद चांदनी चौक कुदूदण्ड, यश सिंह राजपूत पिता दयाशंकर राजपूत दिनदयाली कालोनी निवासी को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# ग्रामीणों की समस्या का होगा निराकरण, खुलेगा बंद रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर

ग्राम पंचायत सिलफिली के नया कुशवाहा पारा में ग्रामीणों को लंबे समय से रास्ते की परेशानी झेलनी पड़ रही थी। मंडी बोर्ड निर्माण एजेंसी ने खसरा नंबर 613 से होकर गुजरने वाले 11 मीटर चौड़े पुराने निस्तार रास्ते को नींव खोदकर बंद कर दिया था जिससे पानी निकासी रुक गई और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव के प्रयासों से अब लोगों को समस्या से राहत मिलेगी।

जिपं सदस्य नरेंद्र यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप बताया था कि रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और रास्ते को तुरंत खोलने और सेटलमेंट रिकॉर्ड



में नक्शा सुधार की मांग की थी। ज्ञापन में बताया गया था कि यह रास्ता खसरा नंबर 613 से शुरू होकर मधूबन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग होते हुए खसरा नंबर 542/1 तक जाता है, जो ग्रामीणों का प्रमुख निस्तार मार्ग है। बंद होने से न केवल आवागमन बाधित हुआ, बल्कि जलभराव की समस्या भी बढ़ गई। इस मामले में आज एसडीएम, मंडी बोर्ड के कार्यपालन अभियंता, मंडी सचिव, तहसीलदार लटोरी और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सरपंच अर्चना अगरिया, रूपदेव कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, अक्षय लाल कुशवाहा, बीडीसी प्रतिनिधि मनोहर सिंह, रामबली कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, सुनील कुशवाहा सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके का निरीक्षण किया गया। सभी पक्षों से राय लेकर फैसला लिया कि निस्तारण के लिए चौड़ी सड़क और नाली का निर्माण कराया जाएगा। रास्ता तुरंत खोला जाएगा तथा सेटलमेंट रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार भी सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ जानकारी सार्वजनिक होने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव और स्थानीय प्रतिनिधियों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम में फांसी से लटका मिला ऑटो चालक का शव

**चांपा।** गेमन पुल से बाईपास जाने वाली सड़क पर स्थित मुक्तिधाम में सोमवार की सुबह ऑटो चालक का शव फांसी से लटका हुआ मिला। सोमवार 8 सिंतबर की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बायपास रोड मुक्तिधाम में एक व्यक्ति की फांसी लगने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल में पहुंची। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा गया। शव की शिनाक्त गेमन पुल बैरियर के पास रहने वाला ऑटो चालक 40 वर्षीय दर्शन सिंह चौहान पिता स्वर्गीय सुखऊ सिंह चौहान के रुप में हुई है, वह मूलतः सिवनी चांपा का रहने वाला हैं। उसकी पत्नी व बच्चे सिवनी में रहते हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध कच्ची महुआ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम लवसरा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को मुखबिर सूचना पर ग्राम लवसरा में आरोपी विष्णु प्रसाद रातें पिता दरस राम रातें उम्र 38 साल निवासी लवसरा थाना बाराद्वार के द्वारा 15 लिटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1500 रुपए को रख कर ग्राहक का इंतजार कर रहा था, जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 8 सिंतबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक को कराया बंद

**सक्ती।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्लीनिक संस्थानों में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान किसी तरह का वैध पंजीयन नहीं पाए जाने पर संस्थान को तत्काल बंद कराया गया। वहीं मेडिकल संस्थानों की भी जांच की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सक्ती डॉ. पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान सोमवार 8 सितंबर को जिला स्तरीय जांच दल द्वारा सक्ती विकासखंड के स्टेशन रोड में संचालित के एल कुरे क्लिनीक और अकराभाठा सक्ती में संचालित मुकेश देवागन क्लिनीक की जांच की गई। संचालित क्लिनीक में बिना किसी वैध डिग्री के चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित की जा रही थी। मौके पर नीडल, दवाईयां और इंजेक्शन आदि सामाग्री पाई गई, परंतु किसी भी तरह का वैध पंजीयन या डिग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। इस आधार पर अवैध संचालित क्लिनीक को तत्काल बंद करा दिया गया। इसी प्रकार मालखरौदा विकासखंड के ही भदरी चौक कुधरी में संचालित इंदु मेडिकल स्टोर और ज्योति मेडिकल स्टोर्स मेन रोड चरौदी की भी जांच की गई। मौके पर चिकित्सा उपकरण पाये गये, परंतु कोई मान्य डिग्री एवं पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं की गई।

### रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 6 जुआरी पकड़े गए

बाराद्वार। रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके कब्जे से मोबाइल व नगदी बरामद किया गया है। मामला नगरदा थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कोहड़ापहाड़ी छिंदमुडा के पास कुछ लोग तासपत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके पर तस्दीक कर घेराबंदी कर दीपक कुर्रे पिता फिरत राम कुर्रे निवासी सेंदर, राजू सिंह चौहान पिता मनमोहन सिंह चौहान निवासी खैरा, प्रेम लाल महिलांगे पिता सहेत्तर लाल निवासी खैरा, राजेंद्र लहरे पिता रामलाल लहरे साकिन सेंदरी, अनिल कुमार सोनवानी पिता छेदू राम सोनवानी साकिन सेंदरी एवं डिकेश जांगड़े पिता शंकर जांगड़े उम्र 27 साल निवासी सेंदरी थाना नगरदा के फड़ एवं पास से जुमला नगदी रकम 15 हजार एवं 6 नग मोबाईल कीमती 52 हजार 500 रुपए और 4 नग मोटर सायकल कीमती करीबन 12 हजार जुमला कीमती 1 लाख 87 हजार रुपए बरामद किया है।

# महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा के तत्वावधान में 22 सितम्बर को महाराजा श्री अग्रसेन महराज की जयंती मनाया जाना है। जयंती के पूर्व होने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ 8 सितम्बर सोमवार को अग्रसेन भवन के प्रांगण में अग्रवाल सभा कटघोरा के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति के द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना कर किया गया व आरती उतारी गई जयंती के पूर्व होने वाले सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन अग्रवाल महिला मंडल व अग्रवाल नवयुवक मंडल की देखरेख में किया जाएगा। आयोजन में कुल 55 प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है जिसमें शतरंज व कैरम प्रतियोगिता मुख्य है जिसमें सर्वप्रथम शतरंज प्रतियोगिता आयोजीत की गई। जिसमें अनय अग्रवाल प्रथम व आयुष मित्तल द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं कैरम प्रतियोगिता में शिवम अग्रवाल प्रथम व शुभम मित्तल द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति, उपाध्यक्ष सुरेश बंसल, सचिव अभिषेक गर्ग, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, श्रीमती बबिता गर्ग, अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल, श्रीमती जानकी अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अमन अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल नव युवक मण्डल महेंद्र पचेरिवाल सहित अग्रवाल सभा, महिला मंडल व नवयुवक मंडल के सभी अग्रबन्धु उपस्थित रहे।



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अग्रवाल सभा के सदस्य।

## धार्मिक क्विज के साथ तुलसी के पत्तों से माला की खुशबू फैली

कोरबा। महाराज अग्रसेन जयंती के पवान अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है। सोमवार को श्री अग्रसेन भवन में पत्तों से माला बनाओं प्रतियोगिता 14 वर्ष के बालिकाओं के लिए जिसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, धार्मिक क्वीज प्रतियोगिता सभी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए जिसमें 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, रस्सी कूद प्रतियोगिता 14 वर्ष के उपर बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए जिसमें 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया 9 सितम्बर अग्र फन फैस्ट (बाल मेल) शाम 4 बजे, श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय बाल मेले के अवसर पर फैमिली फोटो, तोल मोल के बोल प्रतियोगिताओं के साथ ही अग्रवाल महिला मंडल व श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के पूर्व अध्यक्षों का सम्मान समारोह का भी अयोजित होगी।



प्रतियोगिता के दौरान शामिल प्रतिभागी।

## श्री नारायणी भजनोत्सव एवं संगीतमय महामंगल पाठ का आयोजन 27 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

श्री नारायणी नमो नमो के तत्वावधान में 27 व 28 दिसंबर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 39 वां श्री नारायणी भजनोत्सव एवं संगीतमय महामंगल पाठ का आयोजन जश्न रिसोर्ट राताखार बाइपास रोड में किया गया है। 27 दिसंबर को शोभायात्रा का आयोजन विभिन्न प्रकार की झांकीयो के साथ मनमोहक नृत्य मंडली के बाजे गाजे साथ नगर से निकल कर जश्न रिसोर्ट जाएगी। दोपहर से कार्यक्रम स्थल पर कुंवर तेजस राणा के सानिध्य में प्रियंका गुप्ता, अपर्णा अग्रवाल, मनोज शर्मा के साथ संगीत मय भजनोत्सव की प्रस्तुति दी जाएगी। 28 दिसंबर को संगीत मय महामंगल पाठ का आयोजन सौरभ एवं केशव मधुकर कलकत्ता द्वारा किया जाएगा। महामंगल पाठ के दौरान अखंड ज्योति, चुनरी उत्सव,सवामणी अर्पण, छप्पन भोग, बारह महीने का त्योहार का प्रतीक एवं श्री राणी सती दादी जी के विभिन्न चरित्रों की प्रस्तुति किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान विवेक रूईया ट्रस्टी श्री राणी सती मंदिर झूनझूनू, अशोक जालान संस्थापक नारायण नमो नमो, अरविन्द बबुना कलकत्ता, उदय जालान कलकत्ता, संदीप अग्रवाल भाटापारा, राजेन्द्र अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा, शम्भू पालीवाल नैला, मनीष गोयल भाटापारा, सचीन अग्रवाल अकलतरा, संतोष बंसल बाराद्वार, संजय बुधिया उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने अधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया।

## अयप्पा मंदिर बालको में मना ओणम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में ओणम उत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालको अयप्पा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार और वरिष्ठ अधिकारियों ने पूजा में भाग लिया। उन्होंने परंपरागत रीति-रिवाज़ों के साथ पूजा-अर्चना कर बालको के उत्तरोत्तर प्रगति एवं कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

पूरे परिसर में भक्तिमय और सांस्कृतिक वातावरण छा गया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और पारंपरिक फूलों की रंगोलियों (पुक्कलम) ने ओणम की विशेष छटा बिखेरी। पूजा उपरांत भक्ति संगीत और स्तुति से वातावरण और अधिक आध्यात्मिक हो गया। कार्यक्रम में बालको के कर्मचारी एवं टाउनशिप के समस्त श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे उत्साह से ओणम पर्व का आनंद लिया। कई परिवारों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर इस पर्व की सांस्कृतिक गरिमा को और बढ़ाया। ओणम साद्या (पारंपरिक भोज) की महक और सामूहिकता ने कार्यक्रम को सफल आध्यात्मिक बना दिया। बालको समुदाय में यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव भी बना। कंपनी के जीईटी हॉस्टल में ओणम के अवसर पर रविवार को विशेष भोजन का आयोजन किया गया। 1989 से लगातार हर साल बालको के अयप्पा मंदिर में ओणम का त्योहार मनाया जा रहा है।



# लायंस क्लब ने छात्राओं को बांटी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

समाज सेवी संस्था दी इंटनेशनल एसोसिएशनऑफ लायन्स क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी सम्बन्द्ध लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही गरीब व जरूरत मन्द गरीब बच्चों के लिए हर समय कुछ ना कुछ करते आई है इसी कड़ी में नगर पंचायत छुरी के पूर्व पार्षद व क्लब के संरक्षक राजकुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक स्कूल छुरी में अध्यरत्न 60 बच्चों को पाठ्य पुस्तक सामग्री के साथ ही खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि कटघोरा नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत गरीब आदिवासी छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि आज जिस प्रकार से युवा वर्ग चाहे वह महिला हो या पुरुष सभी क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं आज स्वयं जिम्मेदारी को अपने कंधे पर उठाते हुए अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं जो कि निश्चित ही सराहनीय है क्योंकि बच्चो के कंधे पर ही देश का भविष्य है। डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब के संरक्षक अजय धनोंदिया ने बताया कि बच्चे देश का भविष्य है व इनके लिए अभी पढ़ना लिखना जरूरी है इनके पढ़ने लिखने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसलिए गरीब बच्चो को क्लब की ओर से सेवा भाव की कड़ी को आगे बढाते हुए गरीब बच्चों को पाठ्य पुस्तक सामग्री व खाद्य सामग्री के मिलने से बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर प्रधान पाठक विजय बाजपेयी, श्रीमती मधु बाजपेयी, गणेश प्रजापति, जयपाल सिंह, डीके साहू, राजकुमार अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, विजय बाजपेयी, राकेश शर्मा उपस्थित रहे।



पाठ्य सामग्री वितरण करते क्लब के सदस्य।

### पत्नी ने की पति की गला दबाकर हत्या

**चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने एक पति की जान ले ली। चरित्र शंका और आए दिन मारपीट से परेशान होकर पत्नी ने अपने ही पति की तकिए से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला को घटना के चंद घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में चांपा पुलिस के अनुसार प्रार्थी संजय थवाईत ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 7 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे उसका जीजा सोमराज बड़ाईक शराब पीकर घर आया और अपनी पत्नी दुर्गा बड़ाईक को चरित्र शंका की बात को लेकर गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। उस समय झगड़ा शांत करा दिया गया, लेकिन रात करीब 9 बजे फिर विवाद हुआ। प्रताड़ना से तंग आकर दुर्गा बड़ाईक ने तकिए से पति सोमराज का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## केसीसी में मना शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केसीसी महाविद्यालय में निर्देश राजेश अग्रवाल एवं कोरबा शिक्षण समिति की कोषाध्यक्ष के आतिथ्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्रों की उपस्थिति में डॉ सर्व पल्ली राधाकृष्णन जयंती मनाया गया। भारतीय परपंरानुसार कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए अतिथियों का स्वागत तिलक एवं बैच लगाकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रंजना अग्रवाल के द्वारा मां सरस्वतीऔर डॉ सर्व पल्ली राधाकृष्णन के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जीनत, नंदिनी, हर्षिता, काजल, शीफा, पलक, स्वीटी संजना, अंशु, मेघा, विशाल,डेविड, अभिनव एवं उर्वशी, राहुल, प्रिया, तरूण, कुन्दन, निखिल, ओम, पुर्णिमा, तानिया, युगल, रजनी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जिसमें पेपर ग्लास, पिरामिड का निर्माण, आँख बदं कर पेपर बाल एकत्रित करना, म्यूजिक द्वारा दिये गये कन्टेट एकत्रित करना, जिसमें सहा. प्राध्यापक सिमरन कार विजयी रहीं। निदेशक राजेश अग्रवाल ने डॉ सर्व पल्ली राधाकृष्णन की 137 वीं जयंती पर संबोधित किये।

## डीएवी में शिक्षक दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। 5 सितम्बर को अवकाश होने के कारण यह आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और भाषण प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उनके आदर्शों का उल्लेख किया गया। प्राचार्य मुखर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और जीवन के सही मार्ग पर चलना सिखाते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन का तोहफा पाकर बच्चों के खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्राथमिक व माध्य. शासकीय स्कूल मुड़ापार में सोमवार को ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन संस्था की ओर से विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक किट वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद वाहिद सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष (जमाअत-ए -इस्लामी हिन्द छत्तीसगढ़) ने कहा कि हमारी ज़िंदगी में शिक्षा की अहमियत बहुत है। कुरआन की पहली अध्याय ही शिक्षा की अहमियत बताती है। उन्होंने टीचरों से अनुरोध किया कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों को नैतिकता की भी बातें बताई जाए। बच्चों को कहा कि टीचर्स आप को कामयाब करने के लिए बहुत मेहनत करते हैं आपकी ज़िंदगी से अज्ञानता को दूर कर ज्ञान सिखाते हैं। आपको अपने टीचर्स की बातों को मानना चाहिए माता पिता की इज्जत व आज्ञा करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ऋषिकर भारती ने कहा कि बच्चों को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए उन्होंने डॉ. बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। नागेंद्र श्रीवास ने ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के इस काम को सराहा और कहा कि बच्चों के अंदर शिक्षा की अहमियत के लिए यह अच्छा प्रयास है। डॉ. सरफराज खान ने कहा कि जिंदगी बदलने के लिए एक मात्रा शिक्षा ही जरिया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को किताबें, कॉपियाँ, पेन, पेंसिल, पानी की बोतल और स्कूल बैग सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई।

# लायंस क्लब गुरूकुल ने किया गुरूजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब गुरूकुल द्वारा नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी में शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गुरूजन सम्मान समारोह का आयोजन एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल जोन चेयरमेन के मुख्य आतिथ्य में एवं क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। अपने उद्बोधन में क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना ने कहा कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में गुरू का स्थान बहुत ऊँचा है। शिक्षक हमें सदैव आत्मविश्वास दिलाते है और सफलता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते है। विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल जोन चेयरमेन ने कहा कि शिक्षक भविष्य के शिल्पकार होते है। शिक्षक बिना किसी भेदभाव के सभी छात्रों को समभाव रखते हुये शिक्षा प्रदान करते हैं। उद्बोधन पश्चात अतिथि एवं लायन सदस्यो द्वारा शिक्षको को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किया गया। उक्त समारोह में क्लब सचिव लायन दर्शन अग्रवाल, क्लब कोषाध्यक्ष लायन सुभाष चंद अनंत, लायन मनोज गुप्ता, लायन नूतन राजवाड़े, लायन संदीप कंवर, उप प्राचार्या श्रीमती मनोरमा शर्मा सहित समस्त शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित थे।



शिक्षकों का सम्मान करते लायंस क्लब के सदस्य।

## हाईकोर्ट से ठेकेदार को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छात्रावास निर्माण में हुए गड़बड़ी के मामले में विभाग के कम्प्युटर ऑपरेटर सहित ठेकेदारों के खिलाफ हुए अपराध दर्ज के मामले में हाईकोर्ट में दायर याचिका में सुनवाई के दौरान ठेकेदारों को राहत मिली है। इस मामले के अनुसार विभाग के द्वारा आश्रम छात्रावास का मरम्मत व निर्माण कार्य कराया गया था। जिसमें कार्य नहीं होने के बावजूद राशि आहरण मामले के सामने आने के बाद जांच में गड़बड़ी का खुलासा हुआ था।

कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल, आशुतोष मिश्रा और आदिवासी विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर कुश देवांगन को हाईकोर्ट से राहत मिली है। जानकारी के मुताबिक आदिवासी विभाग ने तत्कालीन ठेकेदार राज जायसवाल, आशुतोष मिश्रा, कुश देवांगन और दो अन्य पर रकम लेने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा न करने का आरोप लगाते हुए भादंवि की धारा 409 के तहत मामला दर्ज कराया था। इस विभागीय कार्रवाई के खिलाफ सभी आरोपितों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने तीनों को जमानत दे दी। कोर्ट के इस फैसले से आरोपितों को बड़ी राहत मिली है।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202508050700042
अ-6/2024-25
ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12
तहसील-कटघोरा

आवेदक महेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व. प्रहलाद सिंह राजपूत, निवासी ग्राम-छुरीकला, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम छुरीकला प.ह.नं. 12, तहसील-कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 742/1, 829/2, 831/1 एवं 1390/1 रकबा क्रमशः 0.534, 0.020, 0.121 एवं 0.174 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 0.849 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में गोविंद सिंह, महेन्द्र सिंह, भोला सिंह पिता प्रहलाद सिंह के नाम पर दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार गोविंद सिंह की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/09/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा,**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202508050700043
अ-6/2024-25
ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12
तहसील-कटघोरा

आवेदक महेन्द्र सिंह राजपूत पिता प्रहलाद सिंह राजपूत, निवासी ग्राम-धुरीकला तहसील-कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12, तहसील-कटघोरा, स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 415/2 (शा.नं. 416), 459/1, 698/4, 698/5, 826, 989 एवं 990 रकबा क्रमशः 0.664, 0.162, 0.125, 0.020 0.020, 0.138 एवं 0.567 हे. कुल ख.नं. 07 कुल रकबा 1.696 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में प्रहलाद सिंह पिता बजरंग सिंह के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा वसीयतनामा (अंतिम इच्छा पत्र) विलेख के आधार पर खातेदार प्रहलाद सिंह पिता बजरंग सिंह की मृत्यु होने के उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उपरोक्त वर्णित खसरा नंबर की भूमियों में वसीयतग्राहिता गोविंद सिंह राजपूत, महेन्द्र पाल सिंह एवं भोला सिंह राजपूत पिता प्रहलाद सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/09/2025 की न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा,**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202508050700041
अ-6/2024-25
ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12
तहसील-कटघोरा

आवेदक महेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व. प्रहलाद सिंह राजपूत, निवासी ग्राम- छुरीकला, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम छुरीकला प.ह.नं. 12, तहसील-कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1318/1/ग, 1318/3/ख, 1318/4, 1392/2 एवं 1392/4 कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0.435 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में गोविंद सिंह पिता प्रहलाद सिंह, महेन्द्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह के नाम पर दर्ज है।जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार गोविंद सिंह की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/09/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### वोटर अधिकार यात्रा महासभा के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** वोट चोरी और चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर के आरोपों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुंगेली नाका स्वीमिंग पुल बिलासपुर के पास वोटर अधिकार यात्रा महासभा का आयोजन 9 सितम्बर को सुबह 11.30 बजे रखा है। आमसभा के कार्यक्रम को सफल बनाने और कोरबा जिला कांग्रेस की सहभागिता को लेकर टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक ली गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नत्थु लाल यादव ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध रही है । वोटों की हेराफेरी के उदाहरण अब प्रमाणित हो रही है। बैठक में जानकारी देते हुए श्री यादव ने कहा कि 9 सितम्बर को सुबह 9 बजे कोरबा शहर कांग्रेस से अधिक से अधिक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बिलासपुर में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा महासभा में सम्मिलित होने रवाना होंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि आगामी 16 सितम्बर को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, पूर्व उप मुख्यमंत्री एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट के मुख्य आतिथ्य में कोरबा में विशाल मशाल यात्रा निकाला जावेगा, जिसका नेतृत्व पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक आदि शामिल होंगे।

### जन चिंतक मंच ने एनएचएम कार्यकर्ताओं को दिया समर्थन



**कोरबा।** प्रदेश में चल रहे एनएचएम मामले में अब जन चिंतक मंच (सामाजिक संगठन) भी एनएचएम कार्यकर्ताओं के समर्थन उतरी है। सोमवार को जन चिंतक मंच द्वारा एनएचएम के आंदोलित पंडाल घंटाघर में पहुंच कर आंदोलन कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए उनके आंदोलन को सही ठहराते हुए उनकी हौंसला बढ़ाया। जन चिंतक मंच के छग के संगठन महाप्रमुख अरुण कुमार सरकार, छग के संगठन प्रमुख एडवोकेट शिव साहू, प्रदेश सचिव युगल पुजारी, प्रदेश उपाध्यक्ष नेहरू लाल एवं कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार तथा संयुक्त सचिव विनोद कुमार केवट व प्रबंध कार्य समिति के सदस्य सुबरन सिंह उपस्थित रहे। जन चिंतक मंच के द्वारा धरना स्थल से ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन पत्र भेजा है। इस दौरान जन चिंतक मंच ने बताया कि बीते कुछ दिनों से एनएचएम कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ में अपने 10 सूत्रीय जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, जिसको लेकर पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य व चिकित्सा व्यवस्था चरमरा उठी है, यह मूलभूत चिंता का विषय हो गया है कि यदि एनएचएम कर्मचारियों काम पर नहीं लौटे या उनके सामूहिक इस्तीफे को सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गई तो छत्तीसगढ़ प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था बिगड़ सकती है। जन चिंतक मंच मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर उनकी मांगों को पूरा करने की बात कही।

### क्षमावाणी पर्व में शामिल हुए उद्योग मंत्री व महापौर



**कोरबा।** श्री 105 आरीका संघ का 34वाँ चातुर्मास वर्षायोग श्री दिगंबर जैन मंदिर बुधवारी में मनाया गया। इस अवसर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर संजूदेवी राजपूत शामिल हुए। अन्य अतिथियों में नरेंद्र देवांगन, प्रदीप जैन, डॉ. प्रिंस जैन, ओमप्रकाश जैन, डॉ. आकांक्षा जैन सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संजूदेवी राजपूत ने कहा कि क्षमावाणी पर्व मानवता का अनुपम संदेश है। यह हमें सिखाता है कि क्षमा केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। समाज में प्रेम, सहिष्णुता और परस्पर समझदारी बढ़ाने के लिए हमें अपने अहंकार को त्यागकर एक-दूसरे के प्रति करुणा का व्यवहार अपनाना चाहिए। जैन मिलन समिति कोरबा द्वारा पूरे आयोजन का उत्कृष्ट और सुचारु संचालन किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुजन ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे अपने वचन, विचार और कर्म में सजगता बरतेंगे, क्षमा की भावना को अपनाकर समाज में प्रेम, सहयोग, सहिष्णुता व सेवा का उज्वल संदेश फैलाएंगे।

## भूविस्थापित गोमती का प्रदर्शन स्थगित, शेष परिवार बैठे हैं धरने पर

# हड़िया-खटिया लेकर जीएम कार्यालय के मुख्यद्वार पर बैठे भूविस्थापित






जीएम कार्यालय के मुख्यद्वार पर प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान से प्रभावित भूविस्थापित महिलाओं ने कुसमुण्डा जीएम कार्यालय के मुख्यद्वार पर ताला जड़ दिया और गेट के सामने ही खाट लगाकर बैठ गए। भूविस्थापित महिलाएं अपने साथ बर्तन और अन्य सामग्री भी लेकर गए थे। भूविस्थापितों के इस विरोध प्रदर्शन से कुसमुण्डा प्रबंधन सकते में आ गया और आनन फानन में पुलिस बल की तैनाती की गई जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो। भूविस्थापित घंटों तक धरना प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान भूविस्थापित महिलाओं की एसईसीएल के अधिकारियों के साथ तीखी नोंक झोंक भी देखने को मिली।

**खास बात**

- गोमती के मामले में फर्जी नौकरी करने वाले पर आरोप पत्र जारी, 72 घंटे का दिया समय

जमीन अधिग्रहण के बाद फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा एसईसीएल में नौकरी किए जाने के विरोध में तीन दिवसीय आंदोलन की चेतावनी के तहत सोमवार की सुबह से एसईसीएल कुसमुंडा में मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंद कर गेट के सामने खाट लगाकर हड़िया-बर्तन रखकर रोजगार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। महिलाओं व पुरुषों ने अपनी मांगों को बुलंद करते हुए एक बार फिर मोर्चा खोलकर कुसमुण्डा प्रबंधन के अधिकारियों को सकते में ला दिया प्रदर्शन के दौरान एसईसीएल के अधिकारियों के साथ भूविस्थापितों की नोंक-झोंक भी होती रही। प्रभावित भूविस्थापित गोमती केवट सहित अन्य महिलाओं व उनके परिजनों ने कहा कि जब खदान के लिए उनकी जमीन ले ली गई है तो उनके परिवार को नौकरी क्यों नहीं मिली? गोमती केवट ने बताया कि उसके ससुर के खाता पर कोई दूसरा नौकरी कर रहा है जिसे वह नहीं जानती और परिवार से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं है पिछले बार भी गोमती केवट के आंदोलन के बाद संबंधित व्यक्ति के बारे में जांच पड़ताल कराई गई और इस बार उसके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करते हुए सख्त एक्शन लिया जा रहा है एसईसीएल प्रबंधन की ओर से गोमती केवट को इस आरोप पत्र की जानकारी देते हुए फिलहाल गोमती केवट के आंदोलन को स्थगित करा पाने में प्रबंधन सफल तो हो गया लेकिन अन्य भूविस्थापित जिन्होंने 8, 9 और 10 सितंबर तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है, वह मौके पर ही डटे हुए हैं ।

**जानिए क्या है आरोप पत्र में**

जगन्नाथपुर उपक्षेत्र में बतौर फिटर कार्यरत प्रहलाद पिता रमेश पर आरोप है कि वह फर्जी नौकरी कर रहा है उसे जारी प्रबन्धन के आरोप पत्र में कहा गया है कि श्रीमती गोमती केंवट पति विजय केवट निवासी नरईबोध के द्वारा 2 जुलाई को शिकायत किया गया है कि उनके ससुर रमेश पिता सालिकराम के नाम पर ग्राम-मनगाँव, तहसील-दीपका, जिला-कोरबा (छग) में भूमि खसरा नम्बर 398/2, 398/3, 418/2, 432, 434/3ख, 437, 438/2, 441/2, 441/3 कुल रकबा 4.98 एकड़ भूमि स्थित थी जिसे एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा कोयला उत्खनन के लिए अर्जन किया गया है। उक्त भूमि पर गोमती के पति द्वारा सन 2003-04 में नामांकन फॉर्म जमा किया था जिसमें मेरे पति को आज तक रोजगार नहीं दिया गया, जिसके कारण मेरे पति कार्यालय का चक्कर लगा कर थक चुके है कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ज्ञात हुआ कि उक्त खसरे पर प्रहलाद पिता रमेश को 18 जुलाई 1997 को रोजगार दिया जा चुका है प्रहलाद का हमारे परिवार से कोई संबंध ही नहीं है न ही वे दूर के रिश्तेदार है।

# खोलार नदी पर टूटा पुल, ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत



खोलार नदी की टूटी हुई पुलिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

खोलार नदी पर बना पुल ग्रामीणों की लापरवाही और घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया। वर्ष 2008 में तैयार हुआ यह नया पुल बीच से टूट चुका है। इसी के बाजू में बना पुराना छोटा पुल भी बीच से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों ही पुल टूट जाने से देवरी, बुंदेली कसाईपाली और चाकाबुड़ा पंचायतों के हजारों लोगों की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है।

**खास बात**

- बच्चों की पढ़ाई ठप, आवाजाही हुआ प्रभावित

देवरी पंचायत के सरपंच शिवलाल कंवर, बुंदेली कसाईपाली के ललितेश प्रताप सिंह और चाकाबुड़ा की सरपंच उमा देवी रामकुमार गोटिया ने मिलकर अस्थायी इंतजाम किया। उन्होंने पुल पर बोल्डर और मुरूम डालकर पैदल और दोपहिया वाहनों का आवागमन शुरू कराया है। हालांकि यह व्यवस्था असुरक्षित और अस्थायी है। बुंदेली कसाईपाली और चाकाबुड़ा क्षेत्र से रोजाना हजारों लीटर दूध बांकीमोंगरा कॉलोनी और होटलों तक सप्लाई होता है। पुल टूटने से दूधवाहकों को 5-6 किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। इससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। देवरी पंचायत में हाई स्कूल, मिडिल और प्राइमरी स्कूल संचालित हैं। चाकाबुड़ा, बुंदेली कसाईपाली, जोधरीबाड़ी, जावली, सालियाहपारा और दुलीकछार जैसे गांवों के बच्चे यहाँ पढ़ने आते हैं। पुल टूटने के बाद छोटे बच्चे स्कूल नहीं आ पा रहे हैं, जबकि बड़े बच्चे लंबा रास्ता तय कर पहुँच रहे हैं। स्थिति यह है कि स्कूल बस सेवा भी बंद हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल टूटने के बावजूद अब तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचे हैं। उनका कहना है कि अगर तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बच्चों की पढ़ाई, दूध सप्लाई और ग्रामीणों की जिंदगी लंबे समय तक प्रभावित रहेगी।

**5-6 किलोमीटर अतिरिक्त फेरा**

चाकाबुड़ा के छात्र भानु प्रताप ने बताया जब से पुल बह गया है, तब से हमें 10-15 बच्चों को कसाईपाली-खुदाई मार्ग से होकर आना पड़ता है। रोजाना करीब 5-6 किलोमीटर ज्यादा घूमकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में घटिया गुणवत्ता का काम हुआ था। उस समय के जनपद सदस्य रूप सिंह ने इसकी शिकायत कलेक्टर तक की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आज उसकी हकीकत सामने है।

### पंडित मुकुटधर पाण्डेय चित्रकला प्रकोष्ठ का गठन



**कोरबा।** पंडित मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति के तत्वावधान में जिले में चित्रकला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ का नाम पंडित मुकुटधर पाण्डेय चित्रकला प्रकोष्ठ रखा गया है। चित्रकला प्रकोष्ठ के गठन के अवसर पर पंडित मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन के संरक्षक यूनुस दानियालपुरी, संरक्षक कमलेश यादव, संरक्षक मुकेश कुमार चतुर्वेदी, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चन्द्रा, सहसचिव जगदीश श्रीवास उपस्थित थे। चित्रकला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों में संयोजक श्रीमती मनीषा अग्रवाल, सचिव हरि सिंह क्षत्री, सहसचिव कमल मजूमदार, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सहसंयोजक श्रीमती आकांक्षा भिड़े, सुश्री दीक्षा देवांगन, सुश्री अलका साव। सलाहकार समिति में श्रीमती पुष्पा शांडिल्य, श्रीमती मंजुला श्रीवास्तव, श्रीमती चित्रा देवांगन, रीता मित्तर, श्रीमती अंजलि प्रधान, श्रीमती श्वेता अग्रवाल, सुभाष दास, दिव्या परमार, गौरीशंकर साहू, दयानिधि झन्कार, जसप्रीत कौर, माधुरी कंवर, अनिशा सिंघल, संदीप सारथी, दीपशिखा अरोरा, रेखा गुप्ता का नाम मनोनीत किया गया है।

### सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन

**कोरबा।** पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिससे वातावरण में राष्ट्रभक्ति और साहित्यिक सांस्कृतिक भाव का समावेश हुआ। मंच पर संरक्षक यूनुस दानियाल पुरी, कमलेश कुमार यादव एवं मुकेश चतुर्वेदी के साथ अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष बलराम राठौड़ तथा सचिव डॉ. केके चंद्रा, अनुसुइया श्रीवास की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जांजगीर-नैला से पधारे डॉ. प्रमोद कुमार आदित्य विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में उपस्थित साहित्यकारों को साहित्य सेवा के लिए प्रेरित किया। काव्य गोष्ठी में एकांश कुमार साहू, उदय प्रधान, शिवकुमार साहू, अहिरन पटेल, वीणा मिस्त्री, वीणा ग्वाल, दुर्गा प्रसाद, जनक दुलारी श्रीवास, अनुसुइया श्रीवास, संतोष चौहान, विजय कुमार राठौर, यामिनी गिरधर, घनश्याम श्रीवास, सरस्वती श्रीवास, भारती चौरसिया आदि उपसथित थे।

## जिले के झगरहा गांव में चल रहा है प्रयोग

# ग्रीड पद्धति से खेती रिकॉर्ड पैदावार कर किसानों के लिए बनाया प्रेरणा का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ की धरती को हमेशा से अन्नदाता किसानों की कर्मभूमि कहा गया है। यहाँ की मिट्टी में परिश्रम, समर्पण और उम्मीद की सुगंध रची-बसी है। वर्षों से प्रदेश के किसान अपनी मेहनत और लगन से खेत खलिहानों को समृद्ध करते आए हैं। समय बदलने के साथ-साथ खेती-बाड़ी की पद्धतियाँ भी बदल रही हैं। परंपरागत खेती के साथ आधुनिक तकनीकों का संगम आज नए-नए चमत्कार कर रहा है। इन्हीं परिवर्तनों के बीच कोरबा जिले के झगरहा गाँव से एक ऐसी प्रेरणादायी कहानी सामने आई जिन्होंने न केवल किसानों को, बल्कि पूरे समाज को यह संदेश दिया है, कि सफलता पाने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती, बल्कि सही सोच और मार्गदर्शन से असंभव सपने भी साकार किए जा सकते हैं।



शुरुआती वर्षों में किसान श्री निकुंज ने धान की कतार बोनी की पद्धति अपनाई। इसके बाद उन्होंने श्री विधि से धान की उपज प्राप्त की, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। 2023 में उन्होंने वर्मी ग्रेड मेथड का प्रयोग शुरू किया, जिसने फसल की गुणवत्ता और उपज दोनों में उल्लेखनीय सुधार किया। वर्मी ग्रिड मैथड, यह एक आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति है जिसमें जैविक खाद, विशेषकर वर्मी कम्पोस्ट (केचुआ खाद) का उपयोग कर खेत को कई खंडों में बाँटा जाता है। इस पद्धति में खेत की मिट्टी को उर्वरक बनाने के लिए प्राकृतिक तरीकों का उपयोग किया जाता है। समय-समय पर खरपतवार नियंत्रण के लिए किसान ने कतारों में वीडर का उपयोग किया, जिससे न केवल खरपतवारों का प्रभावी नाश हुआ बल्कि खरपतवार नाशक और अन्य शारीरिक श्रम में भी महत्वपूर्ण बचत हुई। वर्मी ग्रिड मैथड के फायदे मिट्टी की उर्वरता वर्षों तक बनी रहती है, रासायनिक खाद व कीटनाशक पर निर्भरता कम हो जाती है, धान की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होती है, उत्पादन की लागत घटती है और लाभ अधिक होता है, पर्यावरण के लिए सुरक्षित और टिकाऊ खेती की दिशा में यह एक बड़ा कदम है यही कारण है कि इस पद्धति को अपनाकर श्री निकुंज ने छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त किया।

### माटी अधिकार मंच आज करेगा कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय का गेट जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

माटी अधिकार मंच के द्वारा भूविस्थापितों प्रभावितों की समस्याओं के संबंध में 10 सूत्रीय मांग पत्र एसईसीएल महाप्रबंधक कुसमुंडा को सौंपी गई। इस संबंध में 9 सितंबर को एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय का गेट जाम हड़ताल किया जाएगा। जिसमें पुराने अर्जन एवं नए अर्जन से प्रभावित ग्रामीण उपस्थित रहेंगे एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के द्वारा 1978 से लगातार कोल उत्खनन हेतु अभी तक ग्राम जरहाजेल, दूरपा, बरपाली, गेवरा, खम्हरिया, दुल्लापुर, बरमपुर, भैंसमाखार, मनगांव, जटराज, सोनपुरी, बरकुटा, पाली, पड़निया, रिसदी, खोडरी, चुरैल, अमगांव, खैरभावना आदि का अधिग्रहण किया जा चुका है। इसमें से अभी तक ग्राम सोनपुरी, गेवराबस्ती, अमगांव, चुरैल, खैरभवना में मुआवजा, रोजगार की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। ग्रामीणों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने का आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। जिसमें से ग्राम सोनपुरी का अधिग्रहण किए 15 वर्ष हो गए हैं। सभी ग्रामों में कमजोर वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया है। जिनका मकान ज्यादातर शासकीय भूमि पर निर्मित है एवं ऐसे आवासधारी जिनका मकान दूसरे व्यक्ति की भूमि पर बना हुआ है। प्रबंधन के अनुसार पुनर्वास की पात्रता नहीं रखते हैं। केंद्र सरकार के द्वारा आवासहीन लोगों को बसाया जा रहा है।

### छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य मिले जीएसटी अधिकारियों से



अधिकारियों से मिलते चेंबर ऑफ कामर्स के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल और अन्य पदाधिकारियों ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उन्होंने डिप्टी कमिश्नर आलोक सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस अवसर डिप्टी कमिश्नर श्रुति सोनी, असिस्टेंट कमिश्नर,प्रियल गुप्ता, राज्य कर अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी व्यवस्था में आ रही विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। व्यापारियों को हो रही कठिनाइयों, तकनीकी दिक्कतों और प्रशासनिक अड़चनों का विस्तार से उल्लेख किया गया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे व्यापारी हित में ही कार्य करेंगे। विभाग की पूरी कोशिश रहेगी कि व्यापारिक वातावरण सकारात्मक बना रहे और सभी मुद्दों का समय पर समाधान हो। जिस पर जीएसटी अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि व्यापारी हित में कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, परस राम रामानी, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष, जगदीश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रेम रामचंदानी, नितिन गुप्ता, मनवानी और अन्य सदस्य मोहम्मद यूनुस मेमन, वरिष्ठ कर सलाहकार शामिल रहे।

### तलवार से केक काटना पड़ा महंगा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक युवक अपने जन्मदिन पर तलवार से केक काटा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। मामला सामने आते ही पुलिस ने युवा मोर्चा के नेता के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बद्री अग्रवाल ने विगत दिनों अपने जन्मदिन पर एक चार पहिया वाहन के बोनट पर केक रखकर उसे तलवार से काटा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। मामला सामने आने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने बद्री अग्रवाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

